राष्ट्रीय रोजगार सेवा
छत्तीसगढ़
**जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जांजगीर–चांपा, छ0ग0**

**प्रेस विज्ञप्ति**

## जिला रोजगार कार्यालय जॉजगीर में दिनांक 24 दिसंबर 2025 को प्लेसमेंट कैंप का होगा आयोजन

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र,जॉजगीर–चांपा द्वारा जॉजगीर–चांपा जिले के युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से दिनांक **24.12.2025 दिन बुधवार** को जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र,जॉजगीर–चांपा लाईवलीहुड कॉलेज परिसर जिला रोजगार कार्यालय जॉजगीर में एक दिवसीय प्लसमेंट कैंप का आयोजन किया जायेगा। जिसमें निजी क्षेत्र के दो नियोजक **पेरेनियल टेक्नोलॉजी प्राईवेट लिमिटेड महाराष्ट्र व कैरियर ट्री. एच.आर.सॉल्यूशन प्रा.लिमि. चेन्नई उपस्थित रहेगें।** पेरेनियल टेक्नोलॉजी प्राईवेट लिमिटेड महाराष्ट द्वारा **डी.जी. आपरेटर** के 30 पदों पर भर्ती की जायेगी व कैरियर ट्री एच.आर.सॉल्यूशन प्रा.लिमि.चेन्नई द्वारा आपरेटर के 100 पद, [illegible] के 50 पद.व अप्रेन्टिस 40 पदों पर, भर्ती की कार्यवाही की जावेगी।उक्त पदों हेतु शैक्षणिक योग्यता **ट्रनी हेतु 10वी 12वी उत्तीर्ण** व अन्य पदों हेतु आई.टी.आई./डिप्लोमा डीजल मैकेनिक,फीटर,वेल्डर इलेक्ट्रीशियन निर्धारित किया गया है। कंपनी द्वारा वेतनमान 13000–22176 रु. व अन्य भत्ता प्रतिमाह दिया जावेगा। आयु सीमा 18 से 35 वर्ष ट्रेनी व अप्रेन्टिस पद के लिए महिला आवेदिका भी पात्र होगें चयनित आवेदको का कार्यक्षेत्र छत्तीसगढ़ व अन्य राज्य रहेगा।

**प्लेसमेंट का कार्य प्रातः 11:00 बजे 3:00 बजे तक किया जावेगा।**

जो युवा उक्त प्लेसमेंट कैंप में शामिल होना चाहते है, वे अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के साथ व जिला रोजगार कार्यालय का **रोजगार पंजीयन कार्ड** की छायाप्रति लाना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि को उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैंप का लाभ ले सकते है। अधिक जानकारी के लिये ज़िला रोजगार कार्यालय जॉजगीर चापा से संपर्क किया जा सकता है।

जिला रोजगार अधिकारी
जॉजगीर चांपा (छ.ग.)

पृ.क्र/जिरोकाजॉचा/प्लेसमेट/2025/ 1788-2 /जॉजगीर, दिनांक 22.12.2025

प्रतिलिपि :–

1. संचालक, रोजगार एवं प्रशिक्षण इन्द्रावती भवन ब्लॉक –04 प्रथम तल, अटल नगर नवा रायपुर को सादर सूचनार्थ।
2. कलेक्टर महोदय,जिला जॉजगीर–चांपा की ओर सादर सूचनार्थ।
3. उपसंचालक,जनसंपर्क जिला जॉजगीर चांपा (छ.ग.) की ओर प्रेषित कर निवेदन है कि उक्त विज्ञप्ति दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने की कृपा करें।

जिला रोजगार अधिकारी
जॉजगीर चांपा (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner